*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 24 नवम्बर 2024 रविवार

## सम्पादकीय

# चुनाव का जनादेश

महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। जबकि झारखण्ड में हेमन्त सोरेन सरकार बचाने में सफल रहे। उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में 9 सीटों में भाजपा ने 7 सीटों पर जीत दर्ज किया और 2 सीटों पर समाजवादी पार्टी को सफलता मिली। वायनाड से प्रियंका गांधी रेकार्ड मतों से चुनाव जीत गई। इसी प्रकार उप चुनावों में जिसकी सरकार उसके पक्ष में कमोवेश परिणाम भी सामने आये। मतदाताओं ने किसी दल को निराश नहीं किया। महिलाओं के खातों में सीधे राशि भेजने की योजनाओं का लाभ महाराष्ट्र में जहां भाजपा नीत गठबंधन को मिला वहीं झारखण्ड में भी माई का लाभ हेमन्त सोरेन को मिला। सच तो ये है कि राजनीति बदल रही है और इस बदलाव के दौर में जो राजनीतिक दल खुद को समय के साथ नहीं बदलेंगे उन्हें मतदाता सिरे से नकार देंगे इसमें संदेह नहीं।

यूपी की नौ सीटों पर हुए चुनावों के परिणामों ने एक बात साबित कर दिया कि दलित लोकसभा चुनाव से उलट पूरी तरह से सपा के पाले में नहीं गया है। दलित बंटे हुए दिखाई दिए। कुछ प्रतिशत मायावती को जरूर मिला लेकिन बड़ी संख्या में वोट बीजेपी के पाले में जाता हुआ दिखा। कांग्रेस के इस चुनाव में न उतरने का नुकसान भी इंडिया गठबंधन को हुआ। पारंपरिक दलित वोटरों ने साइकिल के सिंबल का दबाने से परहेज किया।


2024 में ही हुए लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। संविधान बचाने और जातीय जनगणना के मुद्दे पर दलित वोट बैंक बड़े स्तर पर सपा और कांग्रेस के साथ गया। अनुमानों के विपरीत सपा प्रदेश में 37 सीटें जीतने में सफल रही। कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। राजनीतिक टीकाकारों के अनुसार उस समय बड़ी संख्या में दलित वोटरों ने सपा और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था। इस बार वह असर गायब दिखा। चुनाव परिणाम इस बात का इशारा कर रहे हैं कि सपा दलितों को फिर से अपने पाले में रखने में नकामयाब रही है।

लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच जबर्दस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कई सीटों पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभाएं कीं। इस चुनाव में गठबंधन में सही सीटें न मिल पाने की वजह से कांग्रेस ने चुनावों से किनारा कर लिया। कांग्रेस चार सीटें मांग रही थी लेकिन सपा ने उसे दो सीटें दीं। जब यह गठबंधन नहीं हुआ तो कांग्रेस की तरफ से यह कहा गया कि ये प्रत्याशी सपा के प्रत्याशी न होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं और कांग्रेस भी इनका चुनाव प्रचार करेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। राहुल और प्रियंका ने पूरी तरह से यूपी से दूरी बनाई। राहुल की एक भी जनसभा सपा प्रत्याशी के समर्थन में नहीं हुई। केंद्रीय नेतृत्व के साथ–साथ राज्य की लीडरशिप भी इन चुनावों में सपा प्रत्याशियों से दूर दिखी।

उत्तर प्रदेश में शनिवार को उपचुनाव की मतगणना के बाद स्पष्ट हो गया कि मतदाताओं ने बसपा को नकार दिया। कभी उपचुनाव न लड़ने वाली बसपा ने इस बार सभी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। पहली बार बसपा ने उपचुनाव लड़ने का एलान किया। लेकिन, इसमें भी कुछ हासिल नहीं कर सकी। सभी नौ सीटों की बात करें तो किसी में तीसरे या फिर उससे निचले पायदान पर नजर आ रही है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें एक प्रमुख कारण बड़े नेताओं का चुनाव प्रचार से दूरी बनाना भी देखा जा रहा है। चुनाव प्रचार से दूरी बसपा के लिए आमजन से दूरी बन गई। उसके प्रत्याशी लोगों के दिल में जगह नहीं बना पाए। पार्टी प्रमुख मायावती समेत लगभग सभी बड़े नेताओं ने एक भी सीट पर एक भी रैली नहीं की। ऐसे में जब सत्तासीन भाजपा और सपा के साथ मुकाबला कड़ा था। तब भी प्रत्याशियों के कंधों पर ही मैदान फतह करने की जिम्मेदारी रही। इसका खामियाजा भी बसपा को भुगतना पड़ा। इसका असर चुनाव परिणाम में साफ दिख रहा है। 2019 के बाद से बसपा लगातार नीचे की ओर खिसकती जा रही है। यूपी में 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि भाजपा के समक्ष सपा, कांग्रेस, बसपा क्या रणनीति अपनाती है।

# महाराष्ट्र में क्या फडणवीस बनेंगे मुख्यमंत्री?

**—अंकित सिंह—**




महाराष्ट्र के सीएम और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि अंतिम नतीजे आने दीजिए। फिर, जैसे हमने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, उसी तरह तीनों पार्टियां एक साथ बैठेंगी और फैसला लेंगी कि सीएम कौन होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग स्पष्ट हो गए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन 200 से अधिक सीटों पर आगे चल रहा है और राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। अकेले 127 सीटों पर आगे चल रही भाजपा ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के आवास के आसपास काफी हलचल बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा पूरी तरीके से महाराष्ट्र के चुनावी रुझानों के बाद एक्टिव हो गई है। खुद अमित शाह ने अपने हाथों में कमान संभाल ली है। बताया जा रहा है कि अमित शाह ने देवेंद्र फडणवीस के अलावा एकनाथ शिंदे और अजित पवार से भी 25–25 मिनट तक बात की है।

इसका मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद की रेस अहम होता दिखाई दे रहा है। वह मुख्यमंत्री पद के शीर्ष दावेदारों में से एक हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि देवेन्द्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। कथित तौर पर भाजपा प्रमुख ने फड़णवीस से मुलाकात की है, जिससे शीर्ष पद के लिए उनकी उम्मीदवारी के बारे में चर्चा और तेज हो गई है। फडणवीस को मुख्यमंत्री की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। इसका समर्थन करते हुए फड़णवीस के करीबी सहयोगी और बीजेपी एमएलसी प्रसाद लाड ने कहा है कि फडणवीस को यह भूमिका निभानी चाहिए।

उन्हें धर्मयुद्धधारी के रूप में संदर्भित करते हुए, लाड ने फडनवीस के नेतृत्व गुणों और पद के लिए उपयुक्तता पर प्रकाश डाला। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण दरेकर ने कहा कि देवेंद्र फड़णवीस के राज्य के अगले मुख्यमंत्री होने की संभावना है। प्रवीण दरेकर ने कहा कि केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार होगी तो महाराष्ट्र और विकास करेगा इसलिए जनता ने हमें बहुमत दिया है इसके लिए मैं प्रदेश की लाड़ली बहनों और जनता को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि बीजेपी से ही मुख्यमंत्री होगा, मुझे लगता है कि देवेन्द्र फडणवीस ही सीएम होंगे।

महाराष्ट्र के सीएम और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि अंतिम नतीजे आने दीजिए। फिर, जैसे हमने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, उसी तरह तीनों पार्टियां एक साथ बैठेंगी और फैसला लेंगी कि सीएम कौन होगा। खबर लिखे जाने तक बीजेपी के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन 218 सीटों पर आगे चल रहा था और बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा था. जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) लड़खड़ा रही है और उसके उम्मीदवार शुरुआती रुझानों के मुताबिक सिर्फ 56 सीटों पर आगे चल रहे हैं।

महायुति गठबंधन के भीतर अधिकांश सीटों पर भाजपा की बढ़त के साथ, यह व्यापक अनुमान है कि पार्टी महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद का दावा करेगी। रिपोर्टों से पता चलता है कि भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस राज्य में पार्टी के नेतृत्व को मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही बीजेपी की ओर से कोई घोषणा की गई है। लेकिन देवेंद्र फडणवीस के घर पर हंगामा और बीजेपी अध्यक्ष का उनसे मिलने जाना राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है। देखना यह है कि आलाकमान क्या फैसला लेता है।

# कांग्रेस का लगातार गिरता ग्राफ

**—अभिनव आकाश—**




महाराष्ट्र की राजनीति में कभी केवल और केवल कांग्रेस का ही सिक्का बुलंद हुआ करता था। चाहे वो राज्य के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण हो या अपनी पार्टी बनाने से पहले तक शरद पवार सीएम के चेहरे बदलते रहे लेकिन कांग्रेस का ही परचम लहराता रहा। लेकिन कांग्रेस के इस अमेद्द किले में बीजेपी–सेना गठबंधन ने 1995 में सेंध लगाई कि फिर उससे कांग्रेस कुछ सालों बाद तो उभर आई। लेकिन पहले जैसी वो बात नहीं रही। कांग्रेस के लिए शनिवार का दिन ऊहापोह वाली स्थिति लेकर आया। लोकसभा चुनावों में अपने सीटों के आंकड़े को 99 तक पहुंचाने वाली देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी एक महीने पहले हरियाणा में हार के बाद अब महाराष्ट्र और झारखंड के रुझान बताते हैं कि एक बार फिर उसके लिए राह मुफीद नहीं रही है। अभी तक के रुझानों से पता चलता है कि कांग्रेस को महाराष्ट्र में हार का सामना करना पड़ सकता है वह दोपहर 12 बजे 19 सीटों पर आगे थी। वहीं एक और राज्य झारखंड में कमजोर कड़ी के रूप में उभर रही है। एकमात्र राहत की बात यह है कि झारखंड में अपने सहयोगी झामुमो के हैविवेट प्रदर्शन के साथ, इंडिया ब्लॉक बहुमत के आंकड़े को पार करता नजर आ रहा है। अगर रुझान सही रहे तो यह कांग्रेस के लिए बुरी, बल्कि भयानक खबर है। विशेष रूप से महाराष्ट्र में जहां कांग्रेस ने अपने दम पर और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने मिलकर लोकसभा चुनावों में भाजपा और महायुति को मात दी थी।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 17 पर चुनाव लड़ा था और 13 सीटें जीतने में कामयाब रही। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने महाराष्ट्र में सिर्फ एक सीट हासिल की थी, लेकिन इस साल 13 सीटें जीत लीं। इससे न सिर्फ कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि उसकी अपने सहयोगियों के साथ बार्गेनिंग पॉवर भी बढ़ी। कई लोगों ने तर्क दिया था कि यह प्रदर्शन कांग्रेस और एमवीए के आक्रामक अभियान के बाद आया था कि केंद्र में 400 से अधिक बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखने वाली भाजपा संविधान को बदल सकती है और आरक्षण वास्तुकला को कमजोर कर सकती है। इसके साथ ही जाति जनगणना की जोरदार वकालत और 50: आरक्षण की सीमा को तोड़ने की मांग भी शामिल थी।

कांग्रेस फिर से उन्हीं नारों और विषयों के साथ महाराष्ट्र में प्रचार में उतरी। घबराए पार्टी नेताओं ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव ने शायद लोगों को अपना गुस्सा जाहिर करने का मौका दे दिया है और वे एनडीए में वापस जाने के लिए तैयार हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से कहा कि बीजेपी ने भारी मात्रा में पैसा खर्च किया। हम किसी भी क्षण यह अनुमान नहीं लगा सके कि यह एक लहर वाला चुनाव होने जा रहा है, हमने इसकी कभी कल्पना भी नहीं की थी। निःसंदेह, इसके कई कारण हो सकते हैं। हमारी सीट का तालमेल सही नहीं था। गठबंधन में सभी नेता मुख्यमंत्री पद के लिए प्रयासरत थे। लेकिन ऐसा लगता है कि लड़की बहन योजना का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। बड़ी उम्मीद विदर्भ क्षेत्र से थी, जो 62 विधानसभा सीटों और 10 लोकसभा क्षेत्रों वाला कपास क्षेत्र है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी। कांग्रेस ने पांच सीटें जीती थीं और उसके सहयोगी राकांपा और शिवसेना (यूबीटी) ने एक–एक सीट जीती थी। इस क्षेत्र में कांग्रेस परंपरागत रूप से मजबूत रही है, लेकिन भाजपा ने पिछले दो दशकों में बड़ी बढ़त बना ली है। 2014 में बीजेपी ने विदर्भ में 62 में से 44 सीटें जीतकर परचम लहराया था। 2019 में इसकी संख्या गिरकर 29 सीटों पर आ गई, जिससे इसकी कुल सीटें कम हो गईं। कांग्रेस को विदर्भ में पुनरुत्थान का भरोसा था और उसने लोकसभा नतीजों को पहला कदम माना। लेकिन शनिवार के रुझानों ने इसे झूठला दिया है।

# सुपरबग का घातक संकट



**—राजेश भाटिया—**

सौ साल से भी कम समय पहले, एंटीबायोटिक्स की खोज ने एक ऐसे युग की शुरुआत की जिसने चिकित्सा की दुनिया को बदल दिया। इसने लाखों लोगों की जान बचाई, जटिल सर्जरी के विकास और उपयोग में तेजी लाई और कैंसर जैसी बीमारियों के बेहतर प्रबंधन में मदद की। सर्वव्यापी जीवाणुओं को नष्ट करने की एंटीबायोटिक्स की क्षमता ने उन्हें 'जादुई गोलियों' की उपाधि दी। दुर्भाग्य से, यह उत्साह लंबे समय तक नहीं टिका। मनुष्यों ने रोगाणुओं की जीवटता और जीवित रहने की चतुराई को कम करके आंका क्योंकि उन्होंने एंटीबायोटिक्स के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अपनी खुद की प्रतिरोधकता विकसित कर ली। इसके बूते रोगाणु एंटीबायोटिक्स के असर से बच निकलने के काबिल बन गए, जिसे तकनीकी रूप से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) कहा जाता है।

दरअसल, मानव स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा सेवाओं और कृषि में एंटीबायोटिक्स के अंधाधुंध उपयोग ने कुछ रोगाणुओं की ऐसी जमात बना दी जिस पर एक या कई एंटीबायोटिक्स का कोई असर नहीं हो पा रहा। कुछेक ने तो लगभग सभी किफायती एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है। इन्हें 'सुपरबग्स' के नाम से जाना जाता है। प्रतिरोध विकसित कर चुके रोगाणुओं से होने वाले संक्रमण का इलाज करना मुश्किल होता है, इससे अस्पताल में लंबे समय तक रहना पड़ता है, मृत्यु दर और रुग्णता बढ़ती है। आर्थिक नुकसान भी होता है। यह चुनौती पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही है।

वैश्विक स्तर पर एएमआर के निहितार्थ बहुत बड़े हैं, जो मानव विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। एएमआर पर बरती निष्क्रियता के चलते अनुमान है कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 2050 तक लगभग 1 करोड़ लोग हर साल एंटीबायोटिक्स के विरुद्ध पनपे प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली बीमारियों से मर जाएंगे। यह संख्या सड़क दुर्घटनाओं और कैंसर से मरने वालों की कुल संख्या से भी अधिक होगी। इस कालखंड में, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इससे 100 ट्रिलियन डॉलर का सकल वित्तीय नुकसान होने का अनुमान है। पशुधन उत्पादन में 7.5 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित होगी। अतिरिक्त 2.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाएंगे और 2050 तक वैश्विक निर्यात में 3.8 प्रतिशत की कमी आएगी।


एएमआर का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और विकासशील देशों में यह कहीं अधिक है। वर्ष 2019 में ही प्रतिरोधी रोगाणुओं की वजह से हुई बीमारियों के कारण 12 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। अनुमान है कि वर्ष 2019 में केवल भारत में ही एएमआर के कारण 2,97,000 मौतें हुईं वहीं इससे संबंधित जटिलताओं के चलते 10,42,500 मौतें हुईं। भारत में एएमआर से होने वाली मौतों की संख्या कैंसर, श्वसन–संक्रमण एवं तपेदिक, आंतों के संक्रमण, मधुमेह और गुर्दे की बीमारियों और मातृ एवं नवजात विकारों से होने वाली मौतों से अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने माना कि सततद् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति पर इस स्थिति का प्रभाव पड़ेगा। 2016 और 2024 में अपनी उच्च स्तरीय बैठकों के माध्यम से, यूएनजीए ने 2019 को आधार वर्ष मानकर 2030 तक प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली मृत्यु दर को 10 प्रतिशत तक कम करने के लिए तत्काल, वैश्विक रूप से समन्वित राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया है। आर्थिक सहयोग के लिए अंतर–सरकारी मंचों की हाल की बैठकों, अर्थातद् जी–20 (भारत, 2023) और जी–7 (इटली, 2024) बैठकों में एएमआर से निपटने के महत्व को दृढ़ता से व्यक्त किया गया है। पशु चिकित्सा क्षेत्र में भी संक्रमण का उपचार अथवा इसकी रोकथाम के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है। कई बार इनका इस्तेमाल इस लक्ष्य के साथ किया जाता है कि इनके उपयोग से पशु के शरीर का आकार (मांस) बढ़ेगा, जिससे कि ज्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। अनेक देशों में रोक के बावजूद जागरूकता की कमी और गरीबी के कारण यह भारत में जारी है। पशुओं में एंटीबायोटिक्स का ऐसा अंधाधुंध उपयोग उनके अंदर प्रतिरोधी जीवाणुओं व रोगाणुओं के फैलाव को बढ़ावा देता है।

चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर द्वारा हाल ही में चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड से आए दस्त के मरीजों के अध्ययन से पता चला है कि रोग की वजह ऐसे रोगाणु हैं जिन्होंने कई एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ एएमआर विकसित कर ली। भारत में मांसाहार की लगातार बढ़ती मांग के साथ पशुधन स्वास्थ्य क्षेत्र में एंटीबायोटिक का उपयोग और अधिक होता गया, लिहाजा खाद्य–शृंखला के जरिए उनमें बना एएमआर मनुष्यों में स्थानांतरित होता गया। जिससे कि उनके अंदर भी सिप्रोफ्लोसिन, एम्पीसिलीन, टेट्रासाइक्लिन और तीसरी पीढ़ी के सेफलोस्पोरिन के खिलाफ उन रोगाणुओं के विरुद्ध उच्च एएमआर बनता देखा जा रहा है।

# धर्म के नाम पर.............?

**—मंगत राम पासला—**



अब आर.एस.एस.,भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित संघ परिवार के सभी संगठनों ने यू.पी. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' को अपनाकर यह साबित कर दिया है कि वे इस देश की धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संघीय धारा को मिटा कर धर्म आधारित गैर–लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करना चाहते हैं। इस नारे पर मुहर लगाकर आर.एस.एस. ने भी स्पष्ट कर दिया है कि 'पूरा समाज एक परिवार की तरह है' वाला उनका नारा झूठे प्रचार तक ही सीमित है।

वास्तविकता यह है कि वे गैर–हिंदू समुदाय को इस परिवार का हिस्सा नहीं मानते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि संघ और भाजपा नेता सत्ता से चिपके रहने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं क्योंकि 'सबका साथ–सब का विकास' का नारा, जो 2014 के चुनावों में प्रचारित किया गया था उसे अब खत्म कर दिया गया है। यह नेता सभी लोगों को एक समान मानने का झूठा दावा करते हैं।

मुसलमानों और ईसाइयों के खिलाफ हर तरह के अत्याचार, झूठे प्रचार और हत्या जैसे जघन्य अपराध अब एक आम घटना बन गए हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के बारे में 'लव जेहाद', 'धर्मांतरण' और ड्क्षहदू त्यौहारों के दौरान ड्क्षहसा की झूठी कहानियां गढ़ी जाती हैं। जिस तरह से 'संघ' ने अपने 100 साल के गहन प्रचार से हिंदू धर्म से जुड़े लोगों के एक वर्ग को सांप्रदायिक रंग में रंग दिया है, उसके प्रभाव में वे बिना किसी डर के दूसरे धर्म के लोगों का नरसंहार भी कर सकते हैं। जिस तरह से दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों के कार्यकर्त्ता अवैध मस्जिदों के निर्माण को लेकर हंगामा कर रहे हैं, वह भी बेहद चिंताजनक है। आर.एस.एस. द्वारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे सांप्रदायिक और विभाजनकारी नारे ऐसे समय में लगाए जा रहे हैं जब हिंदू समाज का एक बड़ा वर्ग 'हिंदू धर्म' की महान मानवीय विरासत की रक्षा करते हुए संघ की सांप्रदायिक विचारधारा के पूरी तरह से खिलाफ है। वह जानता है कि 'धर्म' कभी भी न्यायपूर्ण संघर्ष का आधार नहीं हो सकता।

दलित, आदिवासी और पिछड़ा समुदाय, जिन्हें शासकों के हाथों तथाकथित 'चंद' उच्च जाति के तत्वों द्वारा सदियों से हेय दृष्टि से देखा जाता रहा है, अब अपने आत्म–सम्मान और समानता की बहाली के प्रति जागरूक हैं। मौलिक अधिकार और संघर्ष शुरू कर रहे हैं । इन वर्गों को मनुवादी व्यवस्था में गुलाम बनाए रखने के लिए ही उपरोक्त नारे का आविष्कार किया गया है। सच्ची पुकार यह है कि यदि हम अत्याचारी दल से नहीं लड़ेंगे तो मर जाएंगे। लेकिन यहां तो उत्पीड़कों को जालिम का डर दिखाकर शांत रहने को कहा जा रहा है। आर.एस.एस. अपने सनातनी दर्शन के तहत हिंदू समाज को जो नारा देता है, वह सामाजिक उत्पीडन को चुपचाप सहने और मुंह न खोलने का संदेश है। यहां तक कि सबसे आधुनिक 'सिख धर्म' में भी 'महापुरुषों', 'संतों', 'ब्रह्म ज्ञानियों' जैसे नामों की कोई कमी नहीं रही, जो लोगों को सिख गुरुओं और भकित लहर के महान विचारकों द्वारा रचित गुरबाणी के सच्चे उपासक बनने के बजाय और अधिक अंध विश्वासी और कर्मकांडी बनाने में लगे हुए हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के विपरीत इन बहरुपियों द्वारा चमत्कारों, मूर्ति एवं व्यक्तिगत पूजा का खुलेआम प्रचार किया जाता है।

यही चरित्र ईसाई धर्म से संबंधित 'पादरियों' का भी है, जो भोले–भाले गरीब ईसाइयों से 'प्रार्थना' के माध्यम से सभी सांसारिक कष्टों और पीड़ाओं से छुटकारा दिलाने का झूठ बोलकर हर तरह की मौज–मस्ती करते हैं। यदि प्रार्थना से सभी कष्टों का निवारण संभव होता, तो ईसाई बहुल आबादी वाले विकसित पश्चिमी देशों में आधुनिक अस्पताल खोलने की क्या आवश्यकता थी? हर क्षेत्र में नई वैज्ञानिक खोजों के दौर में जागरूकता की कमी के कारण आज भी बड़ी संख्या में लोग अंधविश्वास में फंसे हुए हैं। अंधविश्वासों का यह जाल मेहनतकश जनता के लिए शत्रु शक्तियों द्वारा बिछाया गया जाल है।

'स्वयं–भू धार्मिक गुरु' लोगों को वैज्ञानिक एवं तर्कसंगत विचारधारा को पढने, समझने और व्यवहार में लाने से दूर रखना चाहते हैं, क्योंकि उनका व्यवसाय आम लोगों की इसी अज्ञानता पर आधारित है। जब हमने बड़ी मेहनत से पुराने विचारों और रीति–रिवाजों को त्याग दिया है, तो ये 'स्वयंभू धार्मिक गुरु' उसी शक्ति से हमें फिर से उसी बीमारी में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

# आधार एवं ई–केवाईसी प्रणाली के माध्यम से हुए सत्यापन में पाए गए फर्जी राशन कार्ड

**संवाददाता–बलरामपुर।** राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आधार एवं ई–केवाईसी प्रणाली के माध्यम से सत्यापन में अब तक जिले में 2704 राशन कार्ड फर्जी पाए गए हैं। इन सभी को निरस्त कर दिया गया है। अभी यह प्रक्रिया चल रही है। सभी यूनिटों की केवाईसी होने के बाद फर्जी राशन कार्डों की संख्या अभी और भी बढ़ेगी। आधार प्रमाणीकरण और ईपीओएस उपकरण से उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न वितरण में होने वाली धांधली पर भी काफी हद तक कमी आई है। जिले में पात्र गृहस्थी के तीन लाख 14 हजार 110 व अन्त्योदय योजना के कार्ड धारक हैं। पात्र गृहस्थी के 16 लाख 42 हजार 535 यूनिट को प्रतिमाह निरूशुल्क राशन दिया जाता है। अब तक नौ लाख 69 हजार 694 यूनिट की ई–केवाईसी पूरी हुई। यह ऑकड़ा 20 नवंबर तक का है। ई–केवाईसी की प्रक्रिया अभी चल रही है। यह प्रक्रिया सभी यूनिटों पर होनी है। जिनका केवाईसी नहीं होगा उन्हें फर्जी मानकर उनका नाम सूची से हटा दिया जाएगा।

जिले की सभी 874 उचित मूल्य की दुकानों पर ईपीओएस उपकरण से वितरण के दौरान ही आधार प्रमाणीकरण किया जाता है, जिससे सही लाभार्थियों को राशन मिलता है। ई–केवाईसी के जरिए लाभार्थियों की पहचान उनके आधार और राशन कार्ड के ब्योरे के साथ सत्यापित होता है, जिससे अपात्र लाभार्थी अपने आप बाहर हो जाते हैं। इस प्रक्रिया से अब तक 2704 राशन कार्ड फर्जी मिले हैं, 12 राशन कार्ड डुप्लीकेट पाए गए हैं। 36 लोग ऐसे हैं जो जिले में नहीं रहते हैं। वहीं 14 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 35 लाभार्थियों ने अपना कार्ड सरेंडर कर दिया है। इस तरह फर्जी मिले 2704 कार्ड निरस्त किया जा चुका है। अभी यह प्रक्रिया चल रही है। आने वाले दिनों में फर्जी राशन कार्डों की संख्या बढ़नी तय है। आधार एवं ई–केवाईसी के माध्यम से हो रहे सत्यापन से जहां एक ओर फर्जी राशन कार्डों पर खाद्यान्न उठा रहे लोगों की पहचान हो रही है, वहीं दूसरी ओर खाद्यान्न वितरण में होने वाली धांधली में भी कमी आई है। जानकार बताते हैं कि इसके पहले ऐसे तमाम लोग थे जिनके राशन कार्डों पर दूसरे लोग खाद्यान्न उठा लेते थे। कुछ लोग जिले से बाहर रहते थे, लेकिन उनके परिवारीजन उनका खाद्यान्न लगातार ले रहे थे। तमाम पात्र लोग इस योजना का लाभ पाने से वंचित रह जाते थे। अब आधार एवं ई–केवाईसी प्रणाली के माध्यम से हो रहे सत्यापन से धांधली भी रुकेगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ भी मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु ने बताया कि इस समय ई–केवाईसी की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 59.04 फीसदी यूनिटों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है। बच्चों के ई–केवाईसी में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। सभी यूनिटों के सत्यापन होने के बाद ही निरस्त राशन कार्डों की सही संख्या सामने आएगी। उन्होंने बताया कि सत्यापन से अब लोग बेटी की शादी व परिवार में किसी बुजुर्ग की मौत होने पर स्वयं नाम कटाने के लिए आ रहे हैं।

# पांच कन्याओं के हाथ कराए गए पीले, रीति-रिवाज के साथ विवाह



**संवाददाता–गोण्डा।** नगर के कालीकुण्ड मंदिर परिसर में स्थित बालाजी मंदिर पर शनिवार को निर्धन परिवारों की पांच कन्याओं के हाथ पीले कराए गए। इस सामूहिक विवाह का आयोजन कस्बे के स्वयं भू बालाजी सेवा समिति द्वारा किया गया। विवाहोत्सव के दौरान पहले तिलक चढ़ाया गया इसके बाद पूरे वैदिक रीति रिवाज से विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस बार पांच जोड़ें इस विवाहोत्सव में शामिल हुए। पं. संजय मिश्र ने सबसे पहले तिलक कार्यक्रम सम्पन्न कराया। समिति के पदाधिकारी और बालाजी सरकार से जुड़े भक्तों के तरफ से विवाहित जोड़ों पर सौगातों की बारिश भी की गई। पहले तिलक में थाल में पर फल फूल, वस्त्र व नगद राशि और उसके बाद विवाह में बेड, रजाई गद्दे, बर्तन, टैंक, वस्त्र, दुल्हन के जेवरात व नेग बांटे गए। इस मौके पर कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह व चेयरमैन सत्येंद्र सिंह ने पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद और,शुभकामनाए दी। समिति की तरफ से संरक्षक सत्यार्थ प्रकाश, राधेश्याम शास्त्री, अध्यक्ष हनुमान प्रसाद गुप्ता, शरद पाण्डेय, फूल सिंह, राजकरन सिंह, रंजीत निषाद, डब्बू सिंह, शिव बहादुर, कुंवर बहादुर मौर्य, महेश यादव, जयसिंह निषाद व्यवस्था में सक्रिय रहे। सात फेरे के साथ दामपत्य बंधन में बंधे वर–वधू रू बालाजी मंदिर पर आयोजित सामूहिक विवाह में सात फेरे लेने वाले वर वधुओं को गौरिया टिकरी की मानसी का वहीं के दीपक कुमार, हतवा नवाबगंज की सरस्वती का अशोकपुर नवाबगंज के दामोदर, चंदापुर वजीरगंज की खुशबु का गुप्तारघाट अयोध्या के विक्रम निषाद, चौखड़िया नवाबगंज की काजल का बेलवा बाघनाला बस्ती के महेश व रामपुर खरगुपुर की पुष्पा का अशोकपुर नवाबगंज के शिवा के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया।

## साइकिल रैली निकाल दिया सद्भावना का संदेश

**संवाददाता–श्रावस्ती।** 62वीं वाहिनी एसएसबी कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी निर्देशन व उपकमांडेन्ट निरूपेश कुमार, उपकमांडेंट पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को साम्प्रदायिक सद्भावना सप्ताह के साइकिल रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से समाज में शांति, एकता व सद्भावना का संदेश दिया गया। रैली वाहिनी मुख्यालय भिनगा से निकाली गई जिसका समापन खरगौरा पटना में किया गया। उप कमांडेंट ने बताया कि समाज में सभी धर्मों, जातियों और समुदायों के लोगों के बीच भाईचारा और सहयोग का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकार की जागरूकता रैलियों के माध्यम से सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया।

## यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता–श्रावस्ती।** यातायात प्रभारी मो. शमीम की ओर से शनिवार को एसएसबी कैम्प भिनगा में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसबी जवानों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक किया गया। जवानों को मादक पदार्थो का सेवन करके वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दो पहिया व बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने तथा तेज स्पीड से वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया।

## राज्य महिला आयोग सदस्य 27 को आएंगी

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि 27 नवम्बर को राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह श्रावस्ती आएंगी। जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई सुबह 11 बजे से विकास भवन सभागार कक्ष में की जाएगी। जिसमें पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या सदस्या के समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं।

## भारत नेपाल सीमा से पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति

**संवाददाता–श्रावस्ती।** नेपाल से भारत की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को एसएसबी जवानों ने दबोच लिया। जिसके पास से भारतीय आधार कार्ड के साथ अन्य दस्तावेज बरामद हुए। हिरासत में लेकर पुलिस संदिग्ध से पूंछताछ कर रही है। 62वीं वाहिनी एसएसबी के सीमा चौकी सुइया स्थित चेकपोस्ट पर शुक्रवार शाम को चौकी के एसएसबी जवान सीमा की निगहबानी कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति नेपाल से भारत आ रहा था। सुइया चेकपोस्ट पर पहुचते ही चेकपोस्ट ड्यूटी पर तैनात एसएसबी जवानों ने उसे रोक लिया और पूंछताछ की गई तो वह हड़बड़ाने लगा। उसने जवानों को अपनी पहचान राजू प्रताप सिंह पुत्र बल्लू सिंह निवासी सूर्य निकेतन आनंद विहार, थाना विवेक विहार, दिल्ली बताया। लेकिन एसएसबी को शक था इस पर उससे सख्ती के साथ पूंछताछ की गई। तब संदिग्ध की पहचान सैदुद्दीन खान पुत्र वारिस खान निवासी ब्यौचहा, थाना भगवानपुर, जिला बांके, राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई। इस पर जवानों ने कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी को सूचित किया। इस पर कमांडेन्ट, पुलिस विभाग से एएसपी प्रवीण कुमार यादव, आईबी टीम, एटीएस टीम, एलआईयू टीम, सिरसिया एसएचओ आदि भी मौके पर पहुंच गए। संदिग्ध से पूंछताछ शुरू हुई। लेकिन वह बार बार अपनी पहचान बदल बदलकर बता रहा था। उसका मूल नाम सैदुद्दीन खान है यह भी अभी संदिग्ध है। उसके कब्जे से भारतीय आधार कार्ड , पैन कार्ड, चार एटीएम कार्ड भी बरामद हुए हैं। तथ्यों के आधार पर व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस हिरासत में लेकर पूंछताछ कर रही है।

# विश्व कल्याण के लिए महंत रामनरेश दास के संयोजन में हुआ रामार्चा पूजन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। अयोध्या के सिद्धपीठ श्रीवेद मंदिर, रामकोट में शनिवार को रामार्चा पूजन का आयोजन हुआ। महोत्सव पर पूरा मंदिर परिसर आहलादित नजर आया। जो उत्सव की चकाचौंध में डूबा रहा। रामार्चा पूजा पर कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। यह रामार्चा पूजन सनातन धर्म की रक्षा, विश्व शांति एवं कल्याण के लिए आयोजित किया गया था। जिसे श्रीवेद मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष व पीठाधिपति श्रीमहंत रामनरेश दास महाराज ने अपना सानिध्य प्रदान किया। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चारण संग विधि–विधान पूर्वक श्रीरामार्चा भगवान का पूजन–अर्चन हुआ। तत्पश्चात रामार्चा भगवान को फल–मिष्ठान, पंचामृत आदि का भोग लगाया गया। पूजन करा रहे आचार्य ने भक्तजनों को विस्तार पूर्वक रामार्चा भगवान की कथा सुनाई। रामार्चा कथा समापन पर आरती–पूजन किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। श्रीरामार्चा पूजन में सम्मिलित होकर साधु–संत व भक्तजनों ने अपना जीवन धन्य बनाया। इससे पहले मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्रीवेद भगवान समेत अन्य देवी–देवताओं को नवीन वस्त्र धारण कराकर दिव्य श्रृंगार किया गया। तदुपरांत वैदिक मंत्रोच्चार संग उनका पूजन–अर्चन हुआ। फिर विविध व्यंजनों का भोग लगाकर आरती उतारी। अंत में संतों और भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वेद मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामनरेश दास महाराज ने आए हुए संतों का स्वागत–सत्कार कर भेंट विदाई दी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा, विश्व शांति और कल्याण हेतु आश्रम प्रांगण में श्रीरामार्चा पूजन का आयोजन किया गया। लोगों में विश्व बंधुत्व व आपसी–भाईचारा बना रहे। देश खुशहाली के पथ पर अग्रसर हो। वह नित्य नई ऊंचाइयों को छुए। पूरी दुनिया में भारत देश का नाम रोशन हो और डंका बजे। भारत देश फिर से विश्व गुरु बने। रामार्चा पूजन सुबह से प्रारंभ होकर शाम तक चला। इस मौके पर कन्हैया दास, रामायणी गोवर्धन दास समेत अन्य साधु–संत एवं भक्तजन मौजूद रहे।

# भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर भाजपाई गदगद, मनाया जश्न

**संवाददाता–बलरामपुर।** यूपी के उप चुनाव एवं महाराष्ट्र के विधान सभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत भाजपाइयों ने खुशी जाहिर की है। शनिवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रंचड जीत मिली है। वहीं यूपी के उप चुनाव में भी भाजपा ने नौ में से सात सीटों पर भाजपा का परचम लहराया है। यह एक ऐतिहासिक जीत है। मोदी की नीतियों एवं निर्णयों पर जनता ने मुहर लगाया है। यूपी के उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के गुब्बारे को जनता ने हवा में उड़ा दिया। जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी एवं विधान सभा प्रभारी गैसड़ी अजय सिंह पिंकू ने कहा कि यूपी में योगी के नेतृत्व में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की। केन्द्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही है। यही कारण है कि भाजपा को प्रचंड जीत मिल रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिन्दू विश्वकर्मा, आद्या सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, सुनीता मिश्रा, ललिता तिवारी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, माधुरी सिंह त्रिपाठी, सरिता शुक्ला, प्रशांत सिंह गुड्डू, अंशुमान शुक्ला, सुधा पाण्डेय, अक्षय शुक्ला, संदीप उपाध्याय, साधना पाण्डेय सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांच विभागों के खरीद–फरोख्त के अभिलेखों को खंगाल रही प्रशासनिक टीम

**संवाददाता–बहराइच।** जिले के पांच मुख्य विभागों में हो रहे निर्माण, उपलब्ध संसाधन, वित्तीय स्थिति समेत कई अन्य बिंदुओं की जांच के लिए प्रदेश सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के उप मुख्य निरीक्षक की टीम दो दिनों से जुटी हुई है। शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर इलाज से लेकर हो रहे निर्माण कार्यों तक स्थालीय व अभिलेखीय निरीक्षण किया। हालाकि व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त पाई गईं, लेकिन अन्य विभागों में सामने आई खामियों जिम्मेदारों की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। प्रयागराज सुधार विभाग के उप मुख्य निरीक्षक पंकज सक्सेना के नेतृत्व में स्टेट टीम जिले के पांच विभाग की जांच के लिए पहुंची है। यह टीम जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खड, अधिशाषी अभियंता सरयू नहर निर्माण खंड, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच व जिला अस्पताल शामिल है। पहले दिन जहां प्रशासनिक टीम लोक निर्माण विभाग के दफ्तरों व कराए गए कार्यों का स्थालीय निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां सामने आईं हैं। शनिवार को सुबह नौ बजे पूरी टीम जिला अस्तपाल पहुंच गई। आईजीआरएस, सेवानिवृत्ति अभिलेख, और पोर्टल का सटीक अवलोकन किया । इसके अतिरिक्त, अस्पताल के विभिन्न वार्डों और सेवाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, सीटी स्कैन मशीन, पर्चा काउंटर, और दवा वितरण केंद्र की भी स्थिति परखी। निरीक्षण के बाद टीम ने सीएमएस से निर्माण से जुड़े अभिलेख तलब किया। जांच में मानक के अनुसार कार्य व बजट खर्च सामने आने पर संतोष जताया।

शासन स्तर से इन विभागों में जारी किए गए बजट, उसके सापेक्ष खर्च संग विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन समेत कई बिंदुओं पर टीम जांच कर रही है। जांच के बाद टीम अपनी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर कदम उठाया जाएगा।

प्रोफेसर डॉ संजय खत्री, प्रिंसिपल,प्रशासनिक सुधार टीम ने औचक निरीक्षण कर निर्माण, वित्तीय व इलाज से जुड़ी सेवाओं का गहनता से परखी है। सभी कार्यों से टीम संतुष्ट होकर लौटी है।

# जनकपुर धाम नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने किए 15 लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्रीरामलला सरकार के श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान होने उपरांत या प्राण–प्रतिष्ठा बाद अयोध्याधाम में यज्ञ–अनुष्ठान समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रम लगातार जारी है। पूरी अयोध्यानगरी धार्मिक अनुष्ठानों से गुंजायमान है। इसी कड़ी में जनकपुर धाम नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने विधि–विधान पूर्वक 15 लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन–अर्चन किया। यह धार्मिक अनुष्ठान मणिपर्वत के समीप स्थित तीर्थ क्षेत्र पुरम में आयोजित किया गया। जहां तीन दिनों तक कार्यक्रम आयोजित रहा। हर दिन पांच–पांच लाख पार्थिव शिवलिंग का वैदिक मंत्रोच्चारण संग पूजन किया गया। अंतिम दिन हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। फिर सभी भक्तजन अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस मौके पर जनकपुर धाम से आए श्रीमानस तथा बोलबम परिवार व इस धार्मिक कार्यक्रम अगुवा लल्लन ठाकुर ने बताया कि यह हमारा तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान रहा, जिसका हवन–पूजन के साथ विसर्जन हुआ। हम लगभग साढ़े चार सौ लोग बस द्वारा जनकपुर धाम नेपाल से अयोध्यानगरी आए। हम सबने 15 लाख पार्थिव शिवलिंग के पूजन का संकल्प लिया था। जो यहां पर पूर्ण हुआ। प्रतिदिन पांच–पांच लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन–अर्चन किया गया। अंतिम दिन पार्थिव शिवलिंग के पूजन बाद हवन संग इस का समापन हुआ। सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार हेतु पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया। इससे विश्व के समस्त सनातनियों को तप–बल मिले। इसी को लेकर अनुष्ठान संपन्न हुआ। इससे पहले हम लोग जनकपुर धाम में पार्थिव शिवलिंग के पूजन का कार्यक्रम कर चुके हैं, जिसमें दस हजार भक्तगण सम्मिलित हुए थे। उसके बाद चार बार बिहार में कार्यक्रम कर चुके हैं। फिर भगवान श्रीराम के पावन धाम में किया है। रामनगरी में अनुष्ठान करके बहुत ही खुशी की अनुभूति हुई। हम सबका जीवन कृतार्थ हो गया। अयोध्यानाथ सरकार हम लोगों पर अपनी कृपा बनाए रखें। यही उनसे कामना है।

# डीएम की सख्ती से ग्राम समाज की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त

**संवाददाता–गोण्डा।** जिले की निधि नगर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ डीएम नेहा शर्मा ने सख्त कार्रवाई की है। इसके बाद लंबे समय से रुके हुए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। मामला रुपईडीह की निधिनगर ग्राम पंचायत भूमि का है। जो कागजों में नवीन परती के रूप में दर्ज है। ग्राम प्रधान मालती देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि झूरीकुइंया गांव के निवासी रवीन्द्र कुमार, पुत्तन, सुनील कुमार और विनोद कुमार सहित कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। प्रशासन ने पहले भी दो बार इन कब्जेदारों को हटाया था। लेकिन वे बार–बार कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। यह भूमि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए प्रस्तावित थी। निर्माण सामग्री पहले ही मौके पर पहुंच चुकी थी लेकिन दबंगों के अवैध कब्जे के कारण कार्य रुका हुआ था। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम को कार्रवाई के लिए भेजा। टीम ने सख्ती से कब्जेदारों को हटाया और भूमि को ग्राम समाज के नियंत्रण में दिलाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि डीएम की सख्त कार्रवाई से आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और कार्य शुरू हो गया है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी स्तर पर सहन नही किया जाएगा। इसके साथ ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की हर शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने फहराया पुलिस ध्वज



**संवाददाता–गोण्डा।** पुलिस झंडा दिवस पर शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज फहराया गया और सलामी दी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के डीजीपी के संदेश एसपी ने पढ़कर पुलिस कर्मियों को सुनाया। सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने झण्डा दिवस के बारे में विस्तार से बताया । बताया 23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की, इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है। इस दौरान पुलिस ध्वज का प्रतीक लगाया गया। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में झण्डा रोहण कर सलामी दी गयी। समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारीयो द्वारा अपने–अपने कार्यालयों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया।

## सभी थानों में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता–श्रावस्ती।** सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना नवीन माडर्न श्रावस्ती में थाना समाधान दिवस में लोगों की शिकायत सुनी। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें गिलौला में सात, इकौना में 13, मल्हीपुर में पांच, सिरसिया में दो, कोतवाली भिनगा में 16, थाना सोनवा में 14, नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती में दो व गिरंट में छह शिकायी पत्र प्राप्त हुए।

# पहले दुष्कर्म फिर अपत्तिजनक फोटो वायरल किया, गिरफ्तार

**संवाददाता–श्रावस्ती।** पहले दुष्कर्म किया इसके बाद अपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। साथ ही गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिलौला थाना क्षेत्र के दंदौली निवासी असार अली पुत्र अनीस अली ने एक महिला के साथ दुष्कर्म जैसे अपराध को अंजारम देने के बाद महिला का अपत्तिजनक फोटो खींच लिया। उसने फोटो खींचने के बाद वायरल कर दिया। साथ ही महिला के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरी पर गिलौला थाने में आरोपी असार अली के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। शनिवार को गिलौला थाना प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने टीम के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक धर्मराज, गौरव कुमार शाही, आरक्षी मनमोहन वर्मा, प्रेमचन्द्र चौधरी व प्रमोद मौर्या शामिल रहे।


**अदालती नोटिस**

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0

M.N.R.N0. 72 / 2024

राम विलास आदि

**बनाम**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम

मृतक–मनीराम पुत्र स्वर्गीय अयोध्या निवासी ग्राम–सीवन परगना व तहसील रूदौली जिला –अयोध्या

मृत्यु दिनांक–04 / 09 / 2004

**पेशी दिनांक– 25–11–2024**

अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना–पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।

चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 11 के 25 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।

अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज सी0डि0 फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 25–11–2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

द0 हाकिम


# महाराष्ट्र व यूपी में जीत का भाजपाईयों ने मनाया जश्न

**संवाददाता–श्रावस्ती।** महाराष्ट्र चुनाव व यूपी उप चुनाव में भाजपा को मिली जीत का जश्न मनाया गया। पार्टी कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही एक दूसरे को बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा सहित तमाम जिला पदाधिकारियों शनिवार को पार्टी कार्यालय भिनगा में एकत्र हुए। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही भारत माता की जय व भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद का उद्घोष किया। जिलाध्यक्ष उदस प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाली महायुति की प्रचंड जीत हुई। वहीं उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भी बीजेपी की अगुवाई में एनडीए की सात–दो से जीत हुई है। महाराष्ट्र और यूपी में योगी आदित्यनाथ ने जबरदस्त चुनाव–प्रचार किया था। जिसका असर नतीजों में दिख रहा है। वहीं पूर्व सांसद व वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि 288 सीटों वाले सूबे में सत्ताधारी गठबंधन डबल संेचुरी ठोकी है। सियासी लिहाज से सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में बीजेपी की अगुआई में एनडीए की शानदार जीत हुई है। जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने जबरदस्त चुनाव प्रचार किया। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक है तो सेफ है तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिए नारे बटेंगे तो कटेंगे पर केंद्रित रहा। इस मौके पर संजय कैराती पटेल, अरुण पाण्डेय, संजू तिवारी, नेकराम पाण्डेय, महाराज प्रकाश तिवारी, प्रमोद तिवारी, राहुल मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मदन पुत्र स्वर्गीय श्री मिहीलाल ग्राम– महावा मजरे (सखिया) थाना पूरा कलन्दर तहसील सोहावल जनपद अयोध्या का निवासी है। मेरा पुत्र मुकेश कुमार परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। वह आये दिन कलह और विवाद करता है। इससे पूरा परिवार परेशान है। इसका चाल चलन व चरित्र ठीक नहीं है, नशे का आदी है। इसे देखते हुये मैं उसे अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अपने किसी भी प्रकार के कृत्य, लेन देन आदि के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। प्रकाशन इसलिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आये।


# श्रावस्ती महोत्सव कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता–श्रावस्ती।** छह से नौ दिसम्बर के बीच श्रावस्ती महोत्सव का आयोजन कटरा श्रावस्ती स्थित चक्रभण्डार में किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई। डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। श्रावस्ती महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को अन्तिम रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने सभी तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा किए जाने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने परिसर व आसपास के क्षेत्र की पूरी साफ–सफाई के निर्देश देते हुए महोत्सव की अवधि में प्रकाश व्यवस्था, वाहन की पार्किंग, शौचालय, कूड़े के निस्तारण के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रावस्ती महोत्सव में तैयारी को लेकर अधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम इकौना ओम प्रकाश, एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, सीएमओ डा. एपी सिंह, तहसीलदार इकौना विपुल सिंह आदि मौजूद रहे।

